# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक** : 25.06.2026 **समय** : 02.10PM

**उपराष्ट्रपति – नशा मुक्त भारत**

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आज नशा मुक्त भारत के निर्माण के सामूहिक संकल्प को दोहराने का आह्वान किया। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री राधाकृष्णन ने इस आंदोलन को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने वाले विश्वविद्यालयों, शिक्षण संस्थानों और संगठनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके प्रयास एक मजबूत, स्वस्थ और नशा मुक्त भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने सभी से जागरूकता फैलाने, नशा मुक्ति में लगे लोगों का समर्थन करने और युवाओं को नशे की बजाय आशा, स्वास्थ्य और उद्देश्य को चुनने के लिए प्रेरित करने हेतु एकजुट होने का आग्रह किया।

**शाह– एनसीओआरडी बैठक**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज मादक पदार्थों के खिलाफ एकजुट होकर युद्ध छेड़ने का आह्वान किया। नई दिल्ली में नार्को–कोऑर्डिनेशन सेंटर की 10वीं शीर्ष स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का खतरा राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता, आर्थिक हितों और युवाओं तथा देश के भविष्य के लिए खतरा है। उन्होंने आध्यात्मिक नेताओं, युवाओं और माताओं से इस युद्ध को जीतने के लिए एक मंच पर एकजुट होने का आग्रह किया।

**प्रधानमंत्री – मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 135वां एपिसोड होगा।

कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज की वेबसाइट और न्यूजऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज, डीडी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर इसका सीधा प्रसारण भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगी।

**सरकार–दवा नियम**

स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवा नियमों में संशोधन का मसौदा जारी किया है। इसके अंतर्गत आयात की जाने वाली दवाओं की बची हुई वैधता अवधि यानी शेल्फ लाइफ, आयात के समय कम से कम 12 महीने होना अनिवार्य होगा। हालांकि, जैविक दवाओं और रेडियोफार्मास्यूटिकल दवाओं के लिए मौजूदा नियम लागू रहेंगे। इनके लिए आयात के समय कम से कम 60 प्रतिशत शेल्फ लाइफ होना जरूरी होगा।

**मुहर्रम**

आज मुहर्रम है। यह दिन पैगंबर मुहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद दिलाता है, जिन्होंने कर्बला में सत्य और न्याय की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। शहीदों की याद में आज ताजिया निकाले जा रहे हैं। कर्बला के शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए मजलिसें और धार्मिक सभाएं भी आयोजित की जा रही हैं। सतना जिले में मोहर्रम का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया जा रहा है। आगरमालवा जिले में ताजियों के जुलूस को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किये गये हैं। जबलपुर में हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में विशेष इबादत कर देश में अमन–चैन, भाईचारे तथा खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं गई।

## मौसम

प्रदेश में दक्षिण–पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। अगले दो दिनों में इसके भोपाल और उज्जैन संभाग तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में प्री–मानसून और मानसूनी गतिविधियां तेज हो गई हैं। विभाग ने आज प्रदेश के 45 जिलों में बारिश, गरज–चमक और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है।

## कुछ समाचार संक्षेप में...

शिवपुरी जिले में खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को खेती–किसानी से जुड़ी आधुनिक और वैज्ञानिक जानकारियां दी जा रही हैं।

पन्ना जिले के बीहर पुरवा गाँव में कुआँ खोदने के दौरान मिट्टी धंसने से पाँच मजदूरों की मौत के बाद, विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने  शोकाकुल परिवारों से मुलाकात की।

झाबुआ कलेक्टर की अध्यक्षता में आज जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की प्रबंधन समिति की बैठक में नोडल अधिकारी ने दिव्यांगजनों के कल्याण की गतिविधियों की जानकारी दी।

*********